स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय
Swami Vivekanand Central Library
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University
E-mail: Central_library@dsmnru.ac.in

स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय : एक विहंगमावलोकन

स्वामी विवेकानन्द

स्वामी विवेकानन्द की साधनारत मुद्रा युक्त मूर्ति की स्थापना विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के सौजन्य से की गयी है। विश्वविद्यालय ज्ञानार्जन एवं ज्ञान.सृजन का एक महत्वपूर्ण केन्द्र होता है एवं इस ज्ञानार्जन व ज्ञान.सृजन में पुस्तकालय विश्वविद्यालय की आत्मा का कार्य करती है। पुस्तकालय एक सक्रिय अध्ययन का केन्द्र है एवं अध्ययन हेतु एकाग्रचित्त होना आवश्यक है, इसीलिए पुस्तकालय में स्वामी विवेकानन्द की साधनारत एवं एकाग्रचित्त मुद्रा वाली मूर्ति को स्थापित कर यहाँ के सभी अध्येताओं को एक संदेश देने की कोशिश की गयी है। इस संदर्भ में स्वामी विवेकानन्द का कथन ''किसी भी कार्य में सफलता एकाग्रता की शक्ति का परिणाम है ज्ञानार्जन व ज्ञान. सृजन में एकाग्रता का महत्व परिलक्षित होता है।

सहयोगी गण

आधारभूत संरचना

विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय की स्थापना दिनांक 16 अक्टूबर 2018 में हुई है। विश्वविद्यालय का केन्द्रीय पुस्तकालय बेसमेन्ट प्रथम तल द्वितीय तल एवं तृतीय तल तक विस्तारित है, जो निरन्तर उन्नति की ओर अग्रसर है। केन्द्रीय पुस्तकालय को अत्याधुनिक एकीकृत पुस्तकालय के रूप में विकसित किया जा रहा हैः-

- केन्द्रीय पुस्तकालय के बेसमेण्ट में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है।

E-mail: Central_library@dsmnru.ac.in

- केन्द्रीय पुस्तकालय की आधार भूत संरचना:- कार्यालय प्रभारी केन्द्रीय पुस्तकालय कक्ष कॉनफ्रेन्स हाल आगंतुक कक्ष, प्रभारी, टॉकिंग बुक कक्ष, टॉकिंग बुक स्टूडियो कक्ष वरिष्ठ सहायक कक्ष, सर्वर रुम, कम्प्यूटर लैब, ब्रेल वाचनालय, ब्रेल प्रेस, की व्यवस्था उपलब्ध है।

- भारतीय संस्कृति के महान ऋषि स्वामी विवेकानन्द के नाम पर केन्द्रीय पुस्तकालय का नामकरण मा0 कार्यपरिषद की 32वीं बैठक दिनांक 24 मार्च, 2021 के कार्यवृत्त में केन्द्रीय पुस्तकालय को "स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय" किया गया है।

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत पार्टीशन, सभी खिड़कियों पर स्टील की बर्फीकट जाली का प्रयोग किया है।
- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में मुख्य द्वार से प्रथम तल, द्वितीय तल, तृतीय तल तक रैम्प, की सुविधा उपलब्ध है।



- केन्द्रीय पुस्तकालय में विद्यार्थियों हेतु नियमावली (विशेष रूप से कोविड-19 के दृष्टिगत) के अनुरूप पुस्तकालय संबंधित सेवाएं संचालित हैं।
- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में प्रथम तल, द्वितीय तल, तृतीय तल पर अध्ययन कक्ष हैं, जिसमें विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए समुचित व्यवस्था उपलब्ध है।

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रथम, द्वितीय, तृतीय तल पर दिव्यांग शौचालय, महिला शौचालय, पुरुष शौचालय, की व्यवस्था उपलब्ध है।

दिव्यांग विद्यार्थियों के अनुप्रयोगार्थ अवरोधमुक्त सुविधाएँ

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय के मुख्य द्वार पर दिव्यांग विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों, विद्यार्थियों के लिए रैम्प, व्हील चेयर, लॉकर की सुविधा उपलब्ध है।

- विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय के भूतल पर टॉकिंग बुक स्टूडियो स्थापित/संचालित है, टॉकिंग बुक स्टूडियों में दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु टॉकिंग बुक एवं ऑडियो रिकार्डिंग उपलब्ध हैं, जोकि माँग के अनुरूप उपलब्धता के आधार पर विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दी जाती हैं, तथा उपलब्ध न होने पर उपलब्ध कराये गये नोट्स आदि को रिकार्ड करा कर उपलब्ध करा दिया जाता है।

E-mail: Central_library@dsmnru.ac.in

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय के टॉकिंग बुक स्टूडियो में "The Daisy Forum of India/ सुगम्य पुस्तकालय" की सदस्यता ग्रहण किये जाने हेतु सदस्यता शुल्क जमा करने की प्रकिया पूर्ण कर ली गई है, जिससे दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को टॉकिंग बुक के रूप मे ऑनलाइन सामग्री बिना किसी व्यवधान/अवरोध के कभी भी और कहीं भी उपलब्ध हो सके।

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में ब्रेल प्रेस इम्बोजर स्थापित है, जिसमें दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को ब्रेल लिपि में नोट्स उपलब्ध कराये जाते हैं।

संकायवार उपलब्ध पुस्तकों का विवरण

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में कला एवं वाणिज्य पुस्तकालय प्रथम तल पर संचालित है, जिसमें कला एवं वाणिज्य सम्बन्धी सभी विषयों ((Hindi, English, Sociology, History, Political Science, MBA, BBA, Commerce, Economics, Fine Art, Education, Special Education, Hearing Impairment, Visual Impairment, Intellectual And Developmental Disibilitis, Prosthetics & Orthotics, Audiology, Speech -Language Pathology etc.) की पुस्तकें उपलब्ध हैं।

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में बी0टेक0 पुस्तकालय प्रथम एवं द्वितीय तल पर संचालित है, जिसमें बी0टेक0 सम्बन्धी सभी विषयों (Civil Engineering, Mechanical Engineering, Electronic & Communication Engineering, Electrical Engineering, Applied Science & Humanities and Computer Science & Engineering) की पुस्तकें उपलब्ध हैं।



- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में विज्ञान पुस्तकालय द्वितीय तल पर संचालित है, जिसमें विज्ञान से सम्बन्धित सभी विषयों (Chemistry, Physics, Micro-Biology, Statistics, Computer Science, I.T. etc.) की पुस्तकें उपलब्ध हैं।




- विश्वविद्यालय के कला एवं संगीत संकाय, विधि संकाय, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय, विशेष शिक्षा संकाय के विभागों हेतु नवीन पुस्तकें क्रय की गयी हैं।



समाचार पत्रों का विवरण

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय के भूतल पर अध्यापकों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के अध्ययन हेतु विभिन्न समाचार पत्र उपलब्ध हैं:- दैनिक जागरण, दैनिक जागरण (Inext), अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, द टाइम्स ऑफ इण्डिया, द हिन्दू, हिन्दुस्तान टाइम्स, नवभारत टाइम, द पायनियर, स्वतन्त्र भारत, जनसत्ता, राष्ट्रीय सहारा, अमृत विचार, जनसन्देश टाइम्स, रोजगार समाचार, Employment News.



स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय
Swami Vivekanand Central Library
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University
E-mail: Central_library@dsmnru.ac.in

प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित सम-सामयिक पत्रिकाओं का विवरण

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल पर विभिन्न प्रतियोगी पत्रिकाएँ India Today (Hindi & English), Comption Success Reviws, Chronicle, Pratiyogita Darpan (Hindi & English), Yojana (Hindi & English), Kurukshetra (Hindi & English), University News, Human Rights Samachar, Human Rights Newsletter, Sainik Samachar, Chartered Secretary Healthy India Chronicle, मंथन, संसदीय दीपिका शिक्षको एवं विद्यार्थियों, शोधार्थियों,के अध्ययन हेतु उपलब्ध हैं।

शोधशुद्धि (ANTIPLAGIARISM) की उपलब्धता

- शोध प्रबंध एवं शोध पत्र को प्रकाशित करने हेतु ANTIPLAGIARISM SOFTWARE URKUND (OURIGINAL) के माध्यम से क्रियाशील किया गया है।
- SHODH GANGA PORTAL पर शोधार्थियों के शोध प्रबंध अपलोड किये गये हैं।
- INFLIBNET के माध्यम से शोधशुद्धि और शोधसिन्धु से सम्बन्धित कार्य प्रगति पर है।

पुस्तकालय प्रबंधन से संबंधित नियमावली एव सॉफ्टवेयर का विवरण

- केन्द्रीय पुस्तकालय संचालन के लिए नियमावली-2019 बनायी गयी है, जिसके आधार पर पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है।
- पुस्तकालय प्रबन्धन से सम्बन्धित सॉफ्टवेयर (INTEGRATED LIBRARY MANAGEMENT SOFTWARE) पुस्तकालय की आवश्यकताओं के आधार पर SOUL 3.0 (SOFTWARE FOR UNIVERSITY LIBRARIES) को क्रय कर क्रियाशील किया गया है।
- केन्द्रीय पुस्तकालय से संबंधित सेवाओं के आंटोमेशन का कार्य प्रगति पर है।

केन्द्रीय पुस्तकालय का अन्य संस्थाओं से MoU

- INFLIBNET संस्था के साथ MoU की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है।
- टॉकिंग बुक स्टूडियो में "The Daisy Forum of India/ सुगम्य पुस्तकालय" से सदस्यता की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है।

स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय
Swami Vivekanand Central Library
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University
E-mail: Central_library@dsmnru.ac.in

स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण गतिविधियों का विवरण

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी दिनांक 21, 22 एवं 23 अक्टूबर, 2021, दिन वृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार, को अटल प्रेक्षागृह में आयोजित की गयी।



- विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में मानव मूल्यों एवं वृत्तिक नैतिकता के विकास हेतु गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट द्वारा स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में "Human values and professional ethics" के विषय पर, युगऋषि द्वारा रचित 79 खण्डों का वाङमय साहित्य की स्थापना दिनांक 09 सितम्बर, 2021 को की गयी।

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय में डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 14वाँ स्थापना दिवस के सुअवसर पर स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा, छायाचित्र एवं भारतीय संस्कृति से संबंधित ज्ञान प्राप्ति के लिए विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्द जी सहित विभिन्न महापुरुषों से सम्बन्धित आर्ष वाङमय साहित्य केन्द्र की स्थापना दिनांक 19 सितम्बर, 2022 को की गयी है।

- स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय द्वारा भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अमृतमहोत्सव और रामकृष्ण मिशन की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिए विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 27.12.2022 को रामकृष्णविवेकानन्द-वेदांत साहित्य-पुस्तकों की प्रदर्शनी सह-बिक्री आयोजित की गयी।



केन्द्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध महत्वपूर्ण प्रकोष्ठ

- आर्ष वाग्ङमय प्रकोष्ठ

- ऑडियो विजुअल प्रकोष्ठ

E-mail: Central_library@dsmnru.ac.in

- पी-एच.डी. शोध प्रबंध एवं लघु शोध प्रबंध प्रकोष्ठ

(प्रो० रजनी रंजन सिंह)
प्रभारी,
स्वामी विवेकानन्द केन्द्रीय पुस्तकालय